## प्रयागराज आधा दर्जन इंस्पेक्टर व दो महिला थानाध्यक्षों का हुआ स्थानांतरण।

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**जिले में मंगलवार देर रात आधा दर्जन इंस्पेक्टर व दो महिला थानाध्यक्षों का स्थानांतरण किया गया। पुलिस कमिशन्र रमित स्थानान्तरित किया गयाहै।निरीक्षक रामाश्रय यादव को पीआरओ पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक दीपक शर्मा को



शर्मा ने तत्काल प्रभाव से उक्त अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कियादेखें लिस निरीक्षक सुनील कुमार कनौजिया को अतिरिक्त निरीक्षक थाना धूमनगंज से प्रभारी निरीक्षक कैण्ट स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार वर्मा को प्रभारी आईजीआरएस सेल से प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद स्थानान्तारित किया गया है।निरीक्षक विनोद कुमार सोनकर को प्रभारी निरीक्षक खुल्दाबाद से प्रभारी निरीक्षक शाहगंज कार्यालय एसीपी धूमनगंज से प्रभारी आईजीआरएस सेल स्थानान्तरित किया गया है।निरीक्षक रुकुम पाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक कैण्ट से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया है।महिला उपनिरीक्षक जय अम्बिका पासवान को प्रभारी चौकी लोक सेवा आयोग, थाना सिविल लाइन से थानाध्यक्षमहिला थाना स्थानान्तरित किया गया है।महिला उपनिरीक्षक पूनम देवी शुक्ला को थानाध्यक्ष महिला थाना से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया है।

## घने कोहरे के चलते टकराए कई वाहन, हाईवे पर घंटों बनी रही जाम की स्थिति, क्रेन से हटवाए गए वाहन


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**कई दिनों के बाद घने कोहरे ने वाहनों की राह रोक ली। इसके चलते कई वाहन आपस में टकरा गए। जाम के चलते घंटों लोग जूझते रहे। जाम खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए। हादसे सड़क हादसे हुए। राहत की बात यह रही कि इसमें किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। प्रयागराज-भदोही की सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घने कोहरे के कारण दर्जन भर से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। इसके चलते जाम



में कई वाहनों के परखचे उड़ गए। बृहस्पतिवार को भोर में घने कोहरे के चलते जिले में कई जगह पर की स्थिति की स्थिति बनी रही। पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद आवागमन चालू कराया।

## व्यास तहखाने में पूजा को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**ज्ञानवापी स्थित व्यास जी तहखाने में पूजा को लेकर चल रहे विवाद में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने व्यास तहखाना में पूजा के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। इसके पहले न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने दोनों पक्षों को सुना।वाराणसी स्थित ज्ञानवापी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने की जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती अपीलों पर सुनवाई हुई। पिछले सोमवार को भी तकरीबन डेढ़ घंटे चली सुनवाई में मस्जिद पक्ष ने आरोप लगाया था कि हिंदू पक्ष के प्रभाव में आकर जिला जज ने यह आदेश पारित किया। जबकि, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता द्वारा इसका गया।आदेश की प्रमाणित प्रति दाखिल की गई। अपील दाखिले का दोष समाप्त कर कोर्ट ने




विरोध किया गया।कोर्ट ने अपीलार्थी अधिवक्ता के अनुरोध पर अगली सुनवाई की तिथि 15 फरवरी तय की गई थी। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही अपीलार्थी की तरफ से पूरक हलफनामा दाखिल किया नियमित नंबर देने का आदेश दिया। वादी विपक्षी अधिवक्ता ने धारा 107 की अर्जी दाखिल की, जिसे पत्रावली पर रखा गया थामस्जिद पक्ष के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट की नजीरों के हवाले से तर्क दिया था

## लॉज में फंदे से लटका मिला बुलंदशहर की प्रतियोगी महिला का शव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**प्रतियोगी महिला की मौत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। उसने फांसी क्यों लगाई इसको लेकर परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। वह काफी समय से यहां रह रही थी। सिंह (30) छोटा बघाड़ा में रामधारी यादव के लॉज में अकेले रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह शादीशुदा थी। कर्नलगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि रात करीब नौ बजे उन्हें मकान मालिक ने फोन



उसके फोन कॉल्स को भी खंगाला जा रहा है।शहर के छोटा बघाड़ा स्थित एक लॉज में बुधवार रात बुलंदशहर की विवाहिता का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उतारा, लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। वह यहां रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही थी।बुलंदशहर के शांतिनगर भूड़ चौराहा निवासी रश्मि कर घटना की जानकारी दी।बताया कि रश्मी बुधवार को कई घंटे से अपने कमरे के बाहर नहीं निकली तो बगल के कमरों में रहने वाली छात्राओं ने दरवाजा खटखटाया। जवाब नहीं आने पर खिड़की से झांककर देखा तो वह फंदे से लटकी हुई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि विवाहिता के परिजनों को सूचना दे दी गई है। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

## जल पुलिस बनी भगवानः गंगा नदी में नहाने गया था बच्चा, डूबते हुए बोला- बचाओ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**गंगा नदी में नहाने के दौरान एक शिवा नाम का बच्चा पानी में डूबने लगा। जिसे पुलिसकर्मी ने समय रहते हुए बचा लिया।प्रयागराज में गंगा नदी में डूब रहे एक बच्चे को जल पुलिसकर्मी ने समय रहते हुए बचा लिया। सनन क्षेत्र काली सड़क पर ड्यूटी के दौरान एक लड़का अचानक गंगा नदी में सनन करने के दौरान डूबने लगा। जिसका नाम शिवा मिश्रा है। पिता का नाम सियाराम मिश्रा है और जो थाना मोतीगंज जिला गोंडा का रहने वाला है।लनायक ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में ड्यूटी में तैनात पीसी हरिकिशुन मौर्य के हमराह मुख्य आरक्षी मार्तंड नाथ दुबे,आरक्षी धनंजय यादव एवं आरक्षी वीर अभिमन्यु द्वारा बिना विलंब किए तत्काल उक्त बालक को डूबने से बचाया गया।

## एसएससी ने घोषित किया कार्यक्रम, 20 फरवरी से सात मार्च तक होगी परीक्षा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**एसएससी के रीजनल डायरेक्टर राहुल सचान ने बताया कि कांस्टेबल जीडी परीक्षा-2024 में पहली बार क्षेत्रीय भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेजी-हिंदी में कुल 13 में होगी। अभी तक यह हिंदी और अंग्रेजी में ही होती आई है। यूपी-बिहार के कुल 97 केंद्रों में 20 फरवरी से सात मार्च तक चार चरणों में यह परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।एसएससी के रीजनल




भाषाओं में परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। इसके लिए यूपी के 19 जिलों में 69 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बिहार में कुल 28 केंद्रों में परीक्षा होगी।कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने बुधवार को यूपी और बिहार के लिए कांस्टेबल जीडी (जनरल ड्यूटी) परीक्षा-2024 का कैलेंडर जारी कर दिया। पहली बार कांस्टेबल जीडी परीक्षा 13 भाषाओं डायरेक्टर राहुल सचान ने बताया कि कांस्टेबल जीडी परीक्षा-2024 में पहली बार क्षेत्रीय भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेजी-हिंदी में कुल 13 भाषाओं में परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। इसके लिए यूपी के 19 जिलों में 69 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बिहार में कुल 28 केंद्रों में परीक्षा होगी।इस परीक्षा में दोनों राज्यों के कुल 15,20,063 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें यूपी के केंद्रों पर 11,18,823 और बिहार के परीक्षा केंद्रों पर कुल 4,01,240 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह एसएससी की ओर से कराई जाने वाली प्रमुख परीक्षाओं में से एक है।कांस्टेबल परीक्षा के प्रशन्पत्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कनन्ड़, तमिल, तेलुगू, उडि़या, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी भाषाओं में मिलेंगे। एसएससी के इस निणय के परिणामस्वरूप लाखों युवा अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकेंगे। इससे उनके चयन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। परिणामस्वरूप पूरे देश में अभ्यथिर्यों के बीच इस परीक्षा की पहुंच बढ़ेगी।आयोग की ओर से जारी कैलेंडर के मुताबिक यह परीक्षा 20 फरवरी से आरंभ होगी। इसके साथ यह 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28 और 29 फरवरी के बाद एक, पांच, छह और सात मार्च को भी परीक्षा होगी। चयन की प्रक्रिया चार चरणों में पूरी होगी। लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक परीक्षा, मेडिकल परीक्षण और उसके बाद दस्तावेज सत्यापन होगा।

## बारहवीं की छात्रा को बियर पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म, नाबालिग प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ की वारदात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**थाना क्षेत्र में ही रहने वाले रेस्टोरेंट संचालक के 16 वर्षीय बेटे से उसकी दोस्ती थी। वह भी बारहवीं कक्षा में ही पढ़ता है। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने बताया कि 11 फरवरी की रात तकरीबन आठ बजे बेटी संदिग्ध हाल में गायब हो गई। परिजन खोजबीन में जुटे रहे, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रात तकरीबन दो बजे वह बदहवास हाल में घर पहुंची। इसके बाद उसने जो बताया, उसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।छात्रा ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक का बेटा तथा उसका एक दोस्त उसे घुमाने के बहाने अपने साथ कार में लेकर गए। उसे काफी देर तक कार से इधर-उधर घुमाते रहे और जबरन बियर पिलाकर नशे में धुत कर दिया। इसके बाद घर के पीछे कुछ दूरी पर स्थित बाग में ले जाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म



किया।परिजन मंगलवार को बेटी को लेकर झूंसी थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराया। इसके कई घंटे बाद ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। झूंसी थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी नाबालिग जबकि उसका दोस्त बालिग है। उनसे पूछताछ की जा रही है।सूत्रों का कहना है कि रेस्टोरेंट संचालक के बेटे की सोहबत ठीक नहीं है। अपनी इसी आदत की वजह से उसे पहले भी स्कूल से निकाला जा चुका है। हालांकि यह बात भी सामने आई है कि छात्रा व उसके बीच काफी समय से दोस्ती थी। दोनों के मोबाइल में व्हाट्सएप पर चैटिंग के भी सुबूत मिले हैं। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच लंबी चैटिंग होने की बात सामने आई है।

आधुनिक
गेस्ट हाउस
- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)




CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

## प्रयागराज मे बसंत पंचमी पर संगम नगरी में उमड़ा स्नानाथिर्यों का जनसैलाब, अब तक 31 लाख लोगों ने किया स्नान!

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** पतित पावनी मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में बसंत पंचमी पर्व पर



सननाथिर्यों का सैलाब उमड़ पड़ा। मौसम खुशगवार था इसलिए रात एक बजे से ही लोगों ने सनन शुरू कर दिया। सुबह होने तक भीड़ अचानक बढ़ी और दस बजे तक करीब 19 लाख 50 हजार लोगों के सनन कर लेने का अनुमान प्रशासनिक आधार पर लगाया गया। मेलाधिकारी, मेला पुलिस के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए रहे और चारों तरफ सीटियों की आवाजें आती रहीं। बसंत पंचमी माघ मेले का चौथा सनन पर्व है। इसमें माना जाता है कि स्थानीय लोगों की संख्या अधिक होती है। प्रयागराज के अलावा प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, भदोही, संत रविदास नगर, वाराणसी और कौशाम्बी के भी लोग सनन करने पहुंचे। ब्रह्म मुहूर्त में हर हर गंगे के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने सनन किया। घाट पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसलिये संगम वाच टावर से लगातार एनाउंस किया जाता रहा। सुबह पांच बजे संगम नोज पर भीड़ बढ़ी । दस बजे तक घाट सननाथिर्यों से भर गया। पुलिस कमिर्यों को सख्ती करके वहां से भिक्षुओं, घाटिया पंडों को हटाना पड़ा। सनन निर्विघन रूप से होता रहा। कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद संगम नोज पर रहे।

## आला अफसर लेते रहे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, पुलिस की मुस्तैदी के बीच बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** माघमेला प्रयागराज के पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर आज गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में हल्की ठंड हवाओं के मध्य लाखों



श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। माघ मेला के चतुर्थ सनन बंसत पंचमी पर श्रद्धालुओं/सननाथिर्यों का संगम की रेती पर जमावड़ा एक दिन पूर्व से ही प्रारम्भ हो गया, संगम सनन का सिलसिला प्रातः काल शुभ मुहूर्त के साथ प्रारम्भ हुआ जो दिनभर अनवरत जारी रहा। संगम सनन के उपरान्त श्रद्धालुओं/सननाथिर्यों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन भी किया तथा अक्षय फल की कामना हेतु अनन, वस्त्र, फल का दान भी किया। सननाथिर्यों में संगम सनन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित सनन हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिनन स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस, अगिन्शमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमाण्डों व्यवस्थापित कर सतर्क दृष्टि रखी गई। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ मोटर बोट व गोताखोर/डीप डाइवर की नियुक्ति कर सननाथिर्यों/ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया गया एवं एसडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा घाटों/जल पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी गयी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक सनन करें किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाये सकुशल सनन कर अपने गंतव्य को वापस जाएं एवं मेले की सुरक्षा व स्वच्छता में हमारा सहयोग करे, मेले में आने वाले सननाथिर्यों/ श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में ही 06 स्थानों पर 'पार्किंग' की समुचित व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि संगम में आने वाले श्रद्धालुओं को सनन घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिशनरेट प्रयागराज रमित शर्मा घ्द्वए, मंडलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत घ्द्वए, पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र घ्द्वए, लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कराते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा घुड़सवारी के माध्यम से भी संगम क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। प्रभारी माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र घ्द्वए द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कमिर्यों की कुशलता ली गयी तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया व कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखी गयी। पुलिस कमिर्यों में मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ व्यवहार में भी सेवा का भाव दिखाई पड़ा सकुशल व सुरक्षित सनन सम्पनन कराने हेतु पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहें, तथा उच्चाधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये सननाथिर्यों/ श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशलक्षेम पुछा गया। सनन के बाद लोगो ने प्रसिद्ध मंदिरों का दर्शन कर मेले में लगी प्रदर्शनी का भी लुत्फ उठाया। मेला क्षेत्र में नव निर्मित खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया गया सननाथिर्यों में धर्म आस्था के प्रति काफी उत्साह देखने को पाया गया तथा मेले की व्यवस्था देखकर देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं ने अत्यन्त प्रसनन्ता व्यक्त की।

## योगी ने कहा, इंसेफेलाइटिस से पहले 1500 तक मासूमों की मौतें होती थीं, अब पूरी तरह नियंत्रित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**मेरठ।** गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक भवन के शिलान्यास के मौके पर सीएम योगी ने कहा कि इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-




दुनिया का सफलतम मॉडल। पहले हर साल बारह सौ से पंद्रह सौ मौतें होती थीं, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। इसके उन्मूलन की बस घोषणा बाकी है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश और दुनिया का एक सफलतम मॉडल है। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाकर तैयार किए गए इस सफलतम मॉडल का केंद्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज है। सीएम योगी गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इंसेफेलाइटिस से हर साल बारह सौ से पंद्रह सौ मौतें होती थीं, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। स्वाभाविक रूप से उसके लिए जो मैनपावर लगता था, उसमें जो संसाधन लगते थे, उसको हम क्वालिटी ऑफ हेल्थ के लिए अन्य लोगों को भी उपलब्ध कराने में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के सफलतम मॉडल का केंद्र बिंदु बीआरडी मेडिकल कॉलेज बना क्योंकि सबसे ज्यादा बोझ इसी पर रहता था। उन्होंने कहा कि हमनें इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा है और आज उसे समाप्त होते भी देख रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर 2017 तक इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने के बारे में सरकारें सोचती तक नहीं थीं।

## सांसद अफजाल अंसारी की निधि के कार्यों की मांगी गई रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गाजीपुर।** सांसद अफजाल अंसारी के निधि से वर्ष 2019 से लेकर 22 तक कराए गए कार्यों की ऑडिट रिपोर्ट भारत सरकार ने मांगी है। बसपा के सिंबल पर 2019 के लोकसभा चुनाव में निर्वाचित सांसद अफजाल अंसारी की सदस्यता गैंगस्टर में सजा होने के बाद खत्म हो गई थी। एक मई को लोकसभा सचिवालय ने अफजाल अंसारी की संसद सदस्यता खत्म होने की सूचना सार्वजनिक कर दी। गैंगस्टर




एक्ट में सजा होने से पहले सांसद ने एमपीलैड से अपनी लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में विकास से जुड़े काम किए जाने के लिए प्रस्ताव ग्राम विकास विभाग भेजा था। लेकिन, अधिकारियों ने उसपर रोक लगा दी। हालांकि कुछ माह पहले उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई। लेकिन उनके प्रस्तावों पर स्वीकृति नहीं दी गई थी। सूत्रों की मानें तो इसी बात को सांसद ने सरकार में उठाया तो एमपीलैड के डिप्टी डायरेक्टर विकास ने आठ फरवरी को जिलाधिकारी को पत्र भेजा है।

## सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को लिखा पत्र, अब चुनाव नहीं लड़ पाऊंगी, परिवार को संभाल लीजिएगा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**लखनउ।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को लिखे गए भावुक पत्र में अपने परिवार से जनता के रिश्तों का जिक्र किया साथ ही आगे भी परिवार को संभाल लेने की अपील की है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए



राजस्थान से नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद रायबरेली की जनता को एक भावुक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए अगला चुनाव न लड़ने की बात कही है। हालांकि, रायबरेली से गहरा रिश्ता बताते हुए आगे भी परिवार को संभालने की अपील की है। उनकी अपील से स्पष्ट हो गया है कि गांधी परिवार का ही कोई शख्य रायबरेली से चुनाव लड़ेगा। सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा है कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह - नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तें की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनाव में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लडूंगी।

## इश्क के खुमार के आगे फीकी पड़ी बारिश, प्रेमी जोड़ों ने प्यार का इजहार किया- मनाया वेलेंटाइन डे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गोरखपुर।** गोरखपुर में प्रेमी जोड़ों की तैयारियों में बारिश भी खलल नहीं डाल सकी। कोशिश तो की,




लेकिन इश्क के खुमार के सामने फीकी पड़ गई। वेलेंटाइन डे को धूमधाम से मनाया गया। पार्क, रेस्टोरेंट, चिड़ियाघर आदि पिकनिक स्पॉट पर सुबह से शाम तक दिखती रही भीड़। प्यार दुनिया का सबसे खूबसूरत अहसास है। प्यार के इस सप्ताह में वैलेंटाइन डे का बहुत महत्व है। बुधवार को सुबह बारिश ने प्रेमी जोड़ों की तैयारियों में खलल डालने की कोशिश की, लेकिन इश्क के खुमार के आगे फीकी पड़ गई। शहर में वेलेंटाइन डे बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रेमी जोड़ों के साथ लोगों ने अपनों संग प्यार का इजहार किया। पार्क हो या फिर होटल सभी जगह प्रेमी जोड़े देखने को मिले। बारिश की वजह से सुबह भीड़ कम रही, लेकिन दोपहर बाद नौका विहार, पंत पार्क, व्ही पार्क, चिड़ियाघर आदि पिकनिक स्पॉट पर काफी संख्या में प्रेमी युगल नजर आए। गुलाब के फूल, विभिनन प्रकार के गिफ्ट देकर अपने प्यार का इजहार किया। बुधवार को दोपहर से शहर के सभी पार्क और शॉपिंग मॉल प्रेमी जोड़ों से गुलजार हो गए। युवाओं ने अपने प्रेमी-प्रेमिका को उपहार देकर जिंदगी भर साथ रहने की कसमें खाई। वैलेंटाइन डे पर शहर के सभी रेस्टोरेंट में भी युवाओं की भीड़ लगी रही। वैलेंटाइन डे पर वैसे तो कई तरह के उपहार प्रेमी जोड़ों ने एक-दूसरे को दिए, लेकिन गुलाब और टेडी

## कुंडी तोड़कर चोरी का प्रयास, लोग जागे तो भागे चोर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के टेवां गांव में चोरों ने एक घर की कुंडी तोड़कर चोरी का प्रयास किया।





घर वालों के जागने पर चोर भाग निकले। इससे पहले भी पीड़ित परिवार के यहां चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। घटना की शिकायत बुधवार को सीओ सिटी से की गई है। टेवां गांव की मीना देवी पतनी प्रीतम ने बताया कि ससुर बीमार रहते हैं। पति काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। 12 फरवरी की रात वह सास सुंदरिया के साथ घर में थी। रात को कुंडी तोड़कर अंदर पहुंचे चोरों ने समान खंगालना शुरू कर दिया। खटपट सुनकर नींद खुली तो प्रीतम ने शोर मचाया। लोगों के जागने और हल्ला होने लगा तो चोर भाग निकले। इससे पहले 27 जनवरी को प्रीतम गांव में ही स्थित अपने दूसरे घर में भांजे के जन्मदिन में शामिल होने गई थीं। इस दौरान ताला तोड़कर चोर 18 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी का समान समेट ले गए थे। शिकायत के बाद भी पुलिस ने घटना की रिपोर्ट नहीं दर्ज की। सीओ सिटी अभिषेक सिंह ने तहरीर लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ज्ञानवापी से संबंधित इन मामलों की टली सुनवाई, अब 28 फरवरी को पड़ी अगली तारीख

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**बनारस।** ज्ञानवापी से संबंधित मां श्रृंगार गौरी व एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर मुस्लिम पक्ष की ओर से मांगी गई आपत्ति मामलों में जिला अदालत में होने वाली सुनवाई टल गई है। इसमें आदि विश्वेश्वर के पूजा-पाठ को लेकर दाखिल वाद पर सुनवाई भी शामिल है। ज्ञानवापी से जुड़े मामलो में शैलेंद्र पाठक की ओर से व्यासजी के तहखाना में पूजा पाठ के मामले में और श्रृंगार गौरी मामले में सर्वे को लेकर दाखिल आपत्ति पर सुनवाई के साथ बंद तहखानों के सर्वे को लेकर होने वाली सुनवाई टल गई है। प्रभारी जिला जज अनिल कुमार ने सुनवाई की अगली तारीख 28 फरवरी नियत कर दी। हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि अदालत ने मस्जिद के एक तहखाने में हाल ही में पूजा की अनुमति देने के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को 28 फरवरी की तारीख तय की। वाराणसी जिला अदालत ने 31 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी थी। इस मामले को लेकर मस्जिद पक्ष ने फैसले को चुनौती देते हुए अदालत का रुख किया। अधिवक्ता एमएम यादव ने बताया कि अपर जिला जज अनिल कुमार ने सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। वहीं मस्जिद समिति ने जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की है। ज्ञानवापी से संबंधित चार मामलों की सुनवाई गुरुवार को जनपद अदालत में होनी थी। प्रभारी जिला जज की अदालत में मां श्रृंगार गौरी मूल वाद की सुनवाई होनी थी। इसमें एएसआई सर्वे रिपोर्ट पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से



आपत्ति मांगी गई है। साथ ही अन्य तहखानों व खंडहरों के एएसआई से सर्वे कराए जाने के आवेदन पर भी सुनवाई होनी थी। शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास की ओर से व्यासजी के तहखाने को लेकर दाखिल वाद की पोषणीयता को लेकर मसाजिद कमेटी की ओर से दिए गए आवेदन और जिला जज द्वारा पूजा-पाठ को लेकर दिए गए आदेश पर रोक लगाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई होनी थी। साध्वी पूर्णांबा और शारदांबा की ओर से आदि विश्वेश्वर के पूजा-पाठ को लेकर दाखिल वाद पर सुनवाई होनी थी। इसके अलावा सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रशांत कुमार की अदालत में वर्ष 1991 में दाखिल प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ बनाम अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी व अन्य के वाद में भी सुनवाई होनी थी। इसमें लॉर्ड विश्वेश्वर के वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी के उस आवेदन पर सुनवाई होनी थी जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सील वजूखाने में मिली शिवलिंग जैसी आकृति की एएसआई से जीपीआर पद्धति से सर्वे कराने की मांग की गई है। साथ ही, इस वाद के वादी हरिहर पांडेय की मृत्यु होने पर उनके दो पुत्रों को पक्षकार बनाए जाने के मुद्दे पर भी सुनवाई होनी थी।

## टीएमयू की बस को रोककर छात्रों से मारपीट, मौके पर मच गई भगदड़

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**अमरोहा।** रंजिश के चलते छात्रों के एक गुट ने दूसरे पर हमला कर दिया। इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। टीएमयू की बस को रोककर बाइक सवार युवकों ने दो छात्रों के साथ मारपीट की। बाद में धमकी देते हुए भाग गए। इससे पहले कैंपस के ही छात्र ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक छात्र समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिजनौर जनपद के नूरपुर थानाक्षेत्र के गांव कुंडा खुर्द में किसान योगेश कुमार का परिवार रहता है। उनका बेटा प्रशांत कुमार टीएमयू के बीसीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। आरोप है कि सोमवार को वह अमरोहा देहात थानाक्षेत्र में टीएमयू कैंपस के गेट के बाहर खड़ा था। इस दौरान वह अपने साथी प्रिंस कटारिया, तुषार कटारिया और आदित्य यादव के बात कर रहा था। तभी यहां एक छात्र आया और पुरानी किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। बाद में देख लेने की धमकी दी। इस दौरान तो मामला शांत हो गया लेकिन कुछ देर बाद प्रशांत कुमार अन्य छात्रों के साथ बस में सवार होकर वापस टीएमयू जा रहे थे।

## अर्जुन ने किया इकबाल-ए-जुर्म: पत्नी के साथ शराब पी, भांग खाई, फिर दोनों की गला घोट कर दी हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कानपुर।** कानपुर में पतनी और बेटी की हत्या करने के बाद आत्महत्या के प्रयास के मामले में अर्जुन ने जुर्म कबूल कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने पतनी व बेटी का अंतिम संस्कार किया। मैं वो अभागा



हूं जो न तो अपनी पतनी-बेटी के साथ खुशी से जी पाया और न ही साथ मर पाया। पतनी की मर्जी से उसकी और बेटी की हत्या करने का फैसला किया। दोनों को इन्हीं हाथों से मार डाला लेकिन ये हाथ मेरी ही जान नहीं ले सके। मैं बच गया। इतना कहते हुए पोस्टमार्टम हाउस में पतनी निशा और बेटी आशवी का पोस्टमार्टम कराने आया अर्जुन सिर पकड़कर रोने लगा। मैं वो अभागा हूं जो न तो अपनी पतनी-बेटी के साथ खुशी से जी पाया और न ही साथ मर पाया। पतनी की मर्जी से उसकी और बेटी की हत्या करने का फैसला किया। दोनों को इन्हीं हाथों से मार डाला लेकिन ये हाथ मेरी ही जान नहीं ले सके। मैं बच गया। इतना कहते हुए पोस्टमार्टम हाउस में पतनी निशा और बेटी आशवी का पोस्टमार्टम कराने आया अर्जुन सिर पकड़कर रोने लगा। अर्जुन ने बताया कि रविवार रात दोनों ने पहले शराब पी, फिर भांग खाई। इसके बाद वह पतनी का गला दुपट्टे से कस रहा था कि पतनी ने पहले बेटी को मारने को कहा। बेटी को मारने के बाद पतनी का गला घोट दिया और उसके बाद पंखे से उसी दुपट्टे का फंदा बनाकर जान देने की कोशिश की लेकिन दुपट्टा फट गया। फिर चाकू से हाथ पैर की नसें काट लीं लेकिन वह नहीं मरा। निशा और आशवी का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल ने वीडियो फोटोग्राफी के बीच किया। पीएम रिपोर्ट के अनुसार निशा की मौत दुपट्टे जैसे किसी कपड़े से गला घोंटे जाने से होने की बात सामने आई है। जबकि आशवी को जहर देने की आशंका के चलते उसका विसरा सुरक्षित कर विस्तृत जांच के लिए भेजा गया

## ग्रामीण भारत बंद को लेकर ये हैँ का प्लान, राकेश टिकैत बोले- 17 को सिसौली में लिया जाएगा फैसला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कौशाम्बी।** पंजाब और हरियाणा में किसान आंदोलन का असर पश्चिम यूपी में भी दिखने लगा है। भाकियू




ने इसी बीच 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद का एलान किया हुआ है। वहीं 17 फरवरी को सिसौली में पंचायत रखी गई। इसमें आसपास के राज्यों के किसान प्रतिनिधि सिसौली की पंचायत में शामिल होंगे। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का कहना है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। 16 फरवरी को किसान लॉकडाउन है, इसके बाद 17 फरवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और यूपी के प्रतिनिधियों की बैठक सिसौली में बुलाई गई है। यहीं पर भविष्य के आंदोलन का निणर्य लिया जाएगा। किसानों के विभिनन मुद्दों पर संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद का आह्वान किया है। भाकियू जिले में दस प्वाइंट बनाकर धरना प्रदर्शन करेगी। किसान-मजदूरों से आह्वान किया गया है कि एक दिन के लिए अपना काम बंद रखें। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि किसान लॉकडाउन के लिए संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिले में ब्लॉक स्तर पर अलग-अलग प्वाइंट बनाकर रणनीति तैयार की गई है। बुढ़ाना ब्लॉक में दो प्वाइंट बनाए गए हैं। किसान गांधीवादी तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं। समस्याओं का समाधान निकालना बेहद जरूरी है। खेती वर्तमान में किसानों के लिए घाटे का सौदा है। सरकार ने आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन किसान की आय घट गई है। किसान सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक धरना प्रदर्शन करेंगे। बंद के लिए संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करने, लखीमपुर खीरी के साजिशकर्ता को गिरफ्तार करने, 736 किसान परिवारों के लिए सिंधू बॉर्डर पर स्मारक बनाने, किसान परिवानों को मुआवजा व पुनर्वास की मांग रखी गई है। औद्योगिक क्षेत्रीय हड़ताल में संयुक्त किसान मोर्चा, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघ के अलावा किसान-मजदूरों से समर्थन मांगा गया है।

# विधि विधान से मां सरस्वती का किया गया पूजन अर्जन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वाधान में बुधवार को सरस्वती पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ । उनके आराधना से आगे बढ़ता है जिसके लिए हर वर्ग धर्म मजहब में मां सरस्वती को सर्वश्रेष्ठ माना गया है आज बसंत पंचमी के दिन



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलेश सिंह खाबे मां सरस्वती की प्रतिमा पर मालावार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने बताया कि मनुष्य के जीवन में मां सरस्वती का बहुत बड़ा योगदान होता है जब बच्चा बड़ा होता है तो पठन-पाठन से लेकर बड़े होकर हर क्षेत्र में प्रथम पूज्य मां सरस्वती के ही बंधन पूजन व मां सरस्वती को पूजन करते हुए लोग अपने मनोकामनाओं की पूर्ति को लेकर आस्था रखते हैं और पूजन पाठ करते हैं इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक लालता प्रसाद मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, अजीत जायसवाल, संतोष मिश्रा, मनोज गुप्ता, राजेश जायसवाल, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे इस मौके पर आए हुए मुख्य अतिथि लोगों का गायक सुशील मिश्रा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# यात्रा के जरिए देशवासियों को न्याय, लोकतंत्र और संविधान बचाने की होगी पहल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रवेश उत्तर प्रदेश में आगामी 16फरवरी को चंदौली जिले से होने जा रहा है। जिसमें जनपद सोनभद्र से कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष कौशलेश पाठक ने बताया कि न्याय यात्रा में 4 दर्जन से अधिक वावर्दी कार्यकर्ता व हजारों लोग शामिल होने के लिए रणनीति बना रहे हैं। इस संदर्भ में कांग्रेस सेवादल सोनभद्र के जिला अध्यक्ष कौशलेश पाठक द्वारा बताया गया कि बेरोजगारी का दंश झेल रहे करोड़ों युवाओं, क़र्ज़. में डूबे किसानों और महंगाई के मार के बीच पढा.ई,कमाई और दवाई के लिए संघर्ष करते गरीबों के साथ न्याय, सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक न्याय दिलाना मुख्य उद्देश्य है, वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार ने देश में शक्ति संतुलन बनाए रखने वाली सभी संस्थाओं को कुचल कर रख दिया है। यही नहीं, अहंकार के मद में चूर एवीएम की मोदी सरकार द्वारा भारतीय लोकतंत्र की हर स्तर पर हत्या की जा रही है।हमें बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान को सुरक्षित और संरक्षित करना है,जो हर भारतीय के लिए न्याय, गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करता है।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल खिलाडियो में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को प्रवेश पत्र प्रदान किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**शक्तिनगर/सोनभद्रः**-डी ए वी



पब्लिक स्कूल खडि.या में आज सत्र 2024 सीबीएसई बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्रों को प्रवेश पत्र प्रदान किया गया सर्वप्रथम प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने बसंत पंचमी के इस पावन अवसर पर कक्षा दसवीं एवं 12वीं के सभी छात्रों तथा शिक्षकों के साथ सामूहिक हवन भजन संपनन किया तदुपरांत उन्हें प्रवेश पत्र प्रदान किए गए प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडेय जी ने हवन के दौरान सभी परीक्षाथिर्यों को शुभकामनाऐ दी तथा बताया कि आज के दिन वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है तथा ऋतुराज बसंत का स्वागत भी किया जाता है उन्होंने गीता वेः प्रेरणास्पद वाक्यठ कर्मण्येवाधिकारस्तेठ की याद दिलाते हुए परिश्रम एवं लगन के साथ बोर्ड परीक्षा देने की सीख दी त् तथा साथ ही साथ बच्चों को बहुत सारी जीवन एवं परीक्षा की सावधानियों से भी अवगत कराया तथा बताया कि जीवन एक परीक्षा स्थल है त् हमें जीवन की सभी परीक्षाओं को एक चुनौती के साथ स्वीकारते हुए समय के साथ कर्तव्य पथ पर आगे आगे बढ़ना चाहिए एक सफल व्यक्ति की यही पहचान है ।

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाई महाराजा सुहेलदेव राजभर की जयन्ती

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय राबट्र्सगंज पर महाराजा सुहेलदेव राजभर की जयन्ती व भाजपा वरिष्ठ नेत्री स्व0 सुषमा स्वराज की जयन्ती के अवसर पर विधानसभा मिलन समारोह का कार्यक्रम सम्पनन्‍ हुआ जिसमे मुख्यअतिथि के रुप मे सदर विधायक भूपेश चौबे मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा संयोजक/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।ाार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, सुहेलदेव श्रावस्ती के राजा के सबसे बड़े पुत्र थे। पौराणिक कथाओं के विभिनन्‍ संस्करणों में, उन्होंने सुहेलदेव को जैन राजा और हिंदू संस्कृति के उद्धारकर्ता के रूप में पेश किया। 1947 में भारत के धर्म आधारित विभाजन के बाद, आर्य समाज, राम राज्य परिषद और हिंदू



महासभा संगठन ने सुहेलदेव को हिंदू नायक के रूप में प्रदर्शित किया। आज वरिष्ठ भाजपा नेत्री व पूर्व विदेश मंत्री स्व सुषमा स्वराज जी की जयन्ती है उन्होने कहा था कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति भी एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है, मानव के न्यूनतम आवश्यकताओं की यदि पूर्ति की जाय तो शांतिप्रिय समाज की स्थापना हो सकती है। मोदी जी और योगी जी के रिति निति से प्रभावित होकर आज जिला कार्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगो का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत अभिनन्दन करते है और निश्चित रुप से आप सभी के आने से संगठन को और मजबूती मिलेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी प्रचण्ड बहुमत से विजय प्राप्त करेगी।ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने कहा कि आज नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी से देश के आम जनमानस को बहुत सारी उम्मीदें है

# 16 फरवरी को ग्रामीण बंदठ के समर्थन में वाम दलों का जिला मुख्यालय पर धरना/प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 16 फरवरी को मजदूर किसान एकता मजबूत करते हुए सोनभद्र में भी भाकपा,माकपा,माले व वाम जनवादी संगठन ठराष्ट्रीय ग्रामीण बंद आंदोलनठ के समर्थन में मुख्यालय पर प्रदर्शन कर पत्रक सौंपेंगे । उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण बंद और औद्योगिक हड़ताल का नारा संयुक्त किसान मोर्चा व कई केन्द्रीय मजदूर संगठनों ने संयुक्त रुप से दिया है । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व वाम दलों की केन्द्रीय कमेटी ने भी इस आंदोलन को पूर्ण रूप से समर्थन दिया है। जनपद सोनभद्र में भी उक्त वाम जनवादी संगठनों द्वारा किसानों, मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों के साथ इस आंदोलन के माध्यम से मनरेगा में साल में दो सौ दिन रोजगार व मजदूरी की दर 600 रुपये घोषित करने, प्रत्येक भूमिहीन खेत मजदूर परिवार को खेती योग्य दो एकड़ व आवास हेतु तीन सौ वर्ग मीटर भूमि आवंटित करने, हर गरीब परिवार को मुफ्त बिजली देने, हर एक गरीब बच्चे को प्राइमरी से उच्च शिक्षा तक मुफ्त शिक्षा और छात्रवृति देने, दस किलोग्राम प्रति यूनिट राशन, सबको पाँच हजार रुपये मासिक वृद्धावस्था पेंशन , पक्के आवास, दलितों के विकास हेतु धन आबंटन बढ़ाने, दलितों व महिलाओं पर बढ़ते अपराध सख्ती से रोकने, खनन क्षेत्र में अवैध तरीके से चल रहे मशीनीकरण पर रोक लगाने और मजदूरों को रोजगार दिलाने आदि मागों को उठाया जायेगा और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी महोदय को दिया जायेगा।

# ओबरा विधानसभा कार्यालय पर हुआ मिलन समारोह 250 लोग हुए पार्टी में शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**डाला सोनभद्र ओबरा विधानसभा कार्यालय बाड़ी, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड के नेतृत्व में आज बुधवार को विभिनन्‍ दलों को छोड़कर आए 118 लोग ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम कर भारत माता एवं जय श्री राम का जयकारा लगाया भारतीय जनता पार्टी के दामन थामने वाले में से अनपरा मंडल क्षेत्र से 17 रेणुकूट मंडल क्षेत्र से 28 चोपन मंडल क्षेत्र से 12 ओबरा मंडल क्षेत्र से 61 लोग शामिल रहे इनमें कई लोगों ने अन्य पार्टी छोड़ के भाजपा का दामन थामने वाले विभिनन्‍ नगर पंचायत के 12 सभासद शामिल रहे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजीव सिंह गौंड ने भारत माता को विश्व गुरु बनाने के दिशा में देश को अगले पंक्ति में ले जाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई हैं जिनके नेतृत्व में देश विश्व अटल पर अपनी पहचान बन चुका है भारत के स्वाभिमान और देशवासियों को सम्मान की रक्षा नरेंद्र मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है उन्होंने समाजवादी पार्टी बसपा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले को केसरिया गमछा बीजेपी का गमछा व माला पहना कर सबको एक-एक कर स्वागत किया उन्होंने कहा कि 5 सो साल राम मंदिर निर्माण का हो या धारा 370 को सभी समस्याओं को समाधान कर या साबित कर दिया कि भाजपा जो कहा करती है वह कर के दिखाया करती है प्रदेश के बिजली पानी यदि की समस्या को समाधान

# भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसियों ने भरी रणनीति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**16 फरवरी को यूपी के चंदौली में भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर राहुल गाँधी का आगमन हो रहा हैं, उक्त बाते कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने जिला कॉग्रेस कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता मे बताया!कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा की राहुल गाँधी 14 जनवरी से मणिपुर से भारत जोड़ों न्याय यात्रा की शुरूवात कर, नागालैंड, असम, बिहार, झारखंड,बंगाल छत्तीसगढ़ के बाद यूपी के चंदौली मे प्रवेश कर रही है, इसको लेकर जनपद सोनभद्र मे कॉग्रेस कार्यकर्ता खासा उत्साहित है, जिला कॉग्रेस अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड द्वारा समस्त ब्लाक अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ,हर न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत से कार्यकर्ताओं के साथ ही किसानो, युवाओं महिलाओं, मजदूरों को भी इस यात्रा मे शामिल कराने की प्रयास किया जा रहा है श्री मिश्रा कहा की राहुल गाँधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा मे सोनभद्र से 5000 कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ शामिल होंगे, इसको लेकर तैयारी पूरा कर ली गई है उन्होंने बताया की राहुल गाँधी इस यात्रा के जरिये किसानो पर हो रहे अन्याय, युवाओं पर हो रहे अन्याय और महिलाओं पर बढ़ते अन्याय, और देश मे बढ़ती भयंकर महंगाई को लेकर संघर्ष कर रहे है!पत्रकार वार्ता मे शहर कॉग्रेस उपाध्यक्ष विमल कुमार चौबे मौजूद रहे।

# विवेकानंद आर्य विद्यालय मगरौरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मैहर।** विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव, विद्याथिर्यों को बताया शिक्षा का महत्व,प्रतिभाओं के लिए पुरस्कार भी वितरण किए गएविवेकानंद आर्य विद्यालय में बुधवार को वार्षिक दिवस मनाया गया। समारोह में स्कूल प्रधानाचार्य वीरेंद्र पांडे ने विद्याथिर्यों से कहा कि शिक्षा से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का दौर है एवं इस दौर में टॉपर के प्राप्त 88ज्ञ् प्रतिशत अंक से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उचित पुरस्कार देने की घोषणा की। इस दौरान माता सरस्वती के प्रतिमां पर दीपक जलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। घूमर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं विद्याथिर्यों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्रीधर उर्मलिया



अशिक्षित व्यक्ति का समाज में कोई महत्व नहीं है।उन्होंने कहा कि शिक्षित होने से मनुष्य की सोचने समझने की शक्तियां बढ़ती है। जिससे वह अपने जीवन को सही दिशा दे पाता है। उन्होंने विद्याथिर्यों को लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने की बात कही। प्रधानाचार्य ने पूर्व स्कूल जिला पंचायत सदस्य सतना, वशिष्ठ अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह संकुल प्रचार मंगरौरा,श्रीमती लक्ष्मी आशीष शुक्ला सरपंच मगरौरा, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, नीरज पांडे,वीरेंद्र दहिया,रघुनाथ पांडे,शैलेंद्र साहू एवं समस्त स्टाफ और समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# भगवान का रूप कहे जाने वाले डॉक्टर अब केवल पैसे कमाने मे लगे है

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**सरकारी अस्पताल में डिलवरी के नाम पर की जा रही अवैध वसूली भ्रष्टाचार के खिलाफ कई कार्रवाई होने के बाद भी भ्रष्ट



कर्मचारी व अधिकारी बेखौफ होकर अपनी जेब भरने में मस्त हैं। उसको किसी प्रकार का कोई डर नहीं है। ऐसा ही एक मामला अकलतरा सीएचसी में सामने आया है। जहां एक डॉक्टर ने डिलवरी कराने के नाम पर एनेथिसिया के डॉक्टर बुलाने के नाम पर 4000 रुपए वसूले। ऐसा आरोप एक परिजन ने लगाया है। साथ ही मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 5 डिलवरी हुआ है।अकलतरा के पुरानी बस्ती निवासी मोहित यादव की पतनी मीना यादव की डिलीवरी होनी थी, वो अपनी पतनी को सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर पहुंचा, लेकिन उसको यह बता दिया कि गर्भवती महिला में पानी की कमी है, बच्चा उल्टा है, बच्चे की जान खतरे में है। इसलिए इसको जांजगीर रेफर करना पड़ेगा, बोलकर डराया गया। गर्भवती महिला रीना को सोमवार को ज्यादा दर्द उठने लगाए तो उसको सीएचसी अकलतरा में भर्ती कर लिया गया। भर्ती करने के बाद सुबह 7 अगस्त की सुबह रीना की ऑपरेशन से डिलीवरी की गई और उसको लड़की पैदा हो गई। बेटी पैदा होने के बाद ड्यूटीरत डाक्टर विकास डहरिया ने महिला के पति मोहित के पास एक युवक को भेजा और युवक ने मोहित को कहा कि डॉक्टर साहब ने उनसे 6 हजार रुपए लेने के लिए कहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### रामलला के दरबार में नतमस्तक हुई गोवा कैबिनेट

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**अयोध्या** ।गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपने सभी विधायक-मंत्रियों के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। वो 51 सदस्यीय दल लेकर अयोध्या पहुंचे हैं।गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा की पूरी कैबिनेट रामलला के दरबार में पहुंची और दर्शन-पूजन किया।



इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। बृहस्पतिवार दोपहर को सभी अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया।सभी को ई बस द्वारा एयरपोर्ट से राममंदिर परिसर ले जाया गया।एयरपोर्ट पर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महापौर महंत गिरिशपति त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सभी का स्वागत किया।

### रहस्यमय हालात में दो अलग-अलग जगहों पर बिस्तर पर ही मां-बेटे समेत तीन की मौत

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

कोतवाली अयोध्या इनायत नगर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग इलाकों में तीन लोगों की बिस्तर पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।कोतवाली बीकापुर के भावापुर गांव में 75 वर्षीय मां व 32 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वह दोनों ही काफी समय से बीमार चल रहे थे।वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमानीगंज के एक कमरे में इनायत नगर थाना क्षेत्र के तरौली गांव के रहने वाले सफाईकर्मी संतोष कुमार की भी मौत हो गईवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने बताया कि दोनों मामलों में शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कराई जा रही है।

## 28 राज्यों के हस्त निर्मित उत्पादों की रहेगी धूम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नोएडा।** नोएडा में चौथी बार पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल थीम के साथ, 16 फरवरी से लेकर 04 मार्च 2024 तक प्रसिद्ध सरस आजीविका मेला 2024 का आयोजन, सेक्टर 33 के नोएडा हाट में किया जा रहा है। उक्त विषय में प्रैस वार्ता के दौरान स्वाति शर्मा , संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय,भारत सरकार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा चिरंजीलाल कटारिया ने विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। 16 फरवरी से 04 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क़रीब 28 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद रहेंगे। मेले में दिल्ली-नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग लेंगे। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पारदर्शिता को देखते हुए इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन / नोमिनेशन की व्यवस्था की गई है। मेले में बी. सी. सखी व झारखंड की पत्रकार दीदियों की भी भागीदारी रहेगी। स्वाति शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री का सपना 02 करोड़ दीदियों को लखपति घोषित करने का है जबकि लक्ष्य 10 करोड़ दीदियों का है। हम सभी दीदियों को राष्ट्रिय स्तर पर प्लेटफार्म देना चाहते हैं। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाओं मैं बहुत सारे हुनर हैं। जो आपको सरस मेले के माध्यम से नोएडा हॉट में लोकेश एम ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सभी को सहयोग करना चाहिए नोएडावासियों का सौभाग्य है कि केंद्र सर्कार के सरस मेले का आयोजन नोएडा हॉट में हो रहा है। जिसमे उन्हें 28 राज्यों के महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखने को मिलेंगे।इंडिया फूड कोर्ट सरसआजीविका मेले में इस बार महत्त्वपूर्ण इंडिया फ़ूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 (उद्धमी) गृहणियों का समूह अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाएंगी जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त होगा। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्ज़ी से लेकर बंगाल की फ़िशकरी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी,




देखने को मिलेंगे। महिला सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सर्कार का उद्देश्य है। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फरूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद रहेंगे।

## सपा युवजन सभा के प्रदेश महासचिव बनाए गए नोएडा के मोनू खारी

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नोएडा।** नोएडा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम



पटेल की संस्तुति पर समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद गिरी ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें नोएडा के इलाबास गांव के निवासी मोनू खारी गुर्जर को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। मोनू खारी लंबे समय से समाजवादी से जुड़े है और सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी वह समाजवादी पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। मोनू खारी के युवजनसभा के प्रदेश महासचिव बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मोनू खारी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर नोएडा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश महासचिव मोनू खारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

## गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र का छठा और नोएडा के दूसरे नमो सेवा केंद्र हुआ उद्घाटन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नोएडा।** नोएडा वसंत पंचमी के पावन अवसर पर नोएडा के सेक्टर 12 स्थित सूर्या संस्थान में नमो सेवा केंद्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में नमो- सेवा



भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने फीता काटकर किया। यह गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र का छठा तथा नोएडा का दूसरा नमो सेवा केंद्र है। इससे पहले नोएडा के सेक्टर 65, दादरी,जेवर, खुर्जा एवं सिकंदराबाद में नमो सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं।कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को अन्तिम पायदान तक पहुंचानेमें जुटना होगा तभी हम पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बन पाएंगे और मोदी जी का सपना पूरा कर पाएंगे। इस अवसर पर सूर्या संस्थान से डी के मित्तल, राहुल शर्मा, धर्मेंद्र चपराना एवं मातृ शक्ति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## नोएडा भाजपा ने किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नोएडा।** नोएडा भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव के चलते चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। ये कार्यालय ी-88, सेक्टर 58 में बनाया गया है। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र शिशोदिया, मनोज गुप्ता पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी को एक साथ पूरे जोश से भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है और जो भी विपक्ष में आएगा उसकी जमानत ज़ब्त करनी है।इस मौक़े पर क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, नोएडा विधानसभा चुनाव संयोजक गणेश जाटव, लोक



ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, विकास चौहान ज़िलाध्यक्ष बुलन्दशहर, गजेंद्र मावी ज़िलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर ने किया। सभी ने कार्यालय में पूजा अर्चना की और उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यालय का फ़ीता काट कर आधिकारिक उद्घाटन किया। इस मौक़े पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुआ का कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज़्यादा सीट प्राप्त करेगी और गौतमबुद्ध नगर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल सभा विस्तारक सुखपाल, महामंत्री उमेश त्यागी, गिरजा सिंह, उमेश यादव, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, विनोद शर्मा, तन्मय शंकर, गिरीश कोतनाला, मुकेश शर्मा, संजय बाली, प्रमोद बहल, गोपाल गौड़, चमन अवाना, अमरीश त्यागी, सुचित्रा कक्कड़, हर्ष चतुर्वेदी, धर्मेंद्र गुप्ता, रवि मिश्रा, प्रदीप चौहान, पूनम चौहान, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, रवि यादव, विवेक मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, मल्लिकेशर झा, प्रज्ञा पाठक, ओम यादव, अशोक मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मनोज कुक्कीवों पिन अवार्ड से सम्मानित हुए

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**लखनऊ।**लखनऊ में आयोजित हुए अखिल भारतीय ब्लैक बेल्ट परीक्षा, राष्ट्रीय रेफरी और कोच सेमिनार के दौरान भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक ग्रैंड मास्टर डॉ जिम्मी आर जगतियानी ने राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मनोज वर्मा को समारोह में अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, ग्रैंड मास्टर पीटर जगतियानी, गौरव चौहान, राजेश कुमार सिंह, सुरेश छबलानी सहित ताइक्वांडो के अनेक खिलाड़ी और पदाधिकारी उपस्थित थे फायर में 'गोल्ड मेडलिस्ट' मनोज वर्मा



प्रतिष्ठित 'कुक्किवोन पिन' से सम्मानित किया। मनोज वर्मा को ये सम्मान भारत में ताइक्वांडो खेलो में अभूतपूर्व योगदान देने, प्रचार प्रसार व पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से आत्म रक्षा की कला के नाम से जाने जाने वाले मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि साउथ कोरिया के कुक्कीवोन में विश्व ताइक्वांडो का मुख्यालय स्थित है। जहां से वैश्विक स्तर पर ताइक्वांडो खेल की हर एक्टिविटी को नियंत्रित किया जाता है, साथ ही कुक्कीवोन विश्व स्तर पर ताइक्वांडो खेल को सिखाने का लाइसेंस भी देता है। सम्मान ताइक्वांडो के नेशनल खिलाड़ी और वर्तमान में लखनऊ सिविल डिफेंस में सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर के पद पर कार्यरत हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 अगस्त 2022 की पूर्व संध्या पर मनोज वर्मा को अपने विभाग में सराहनीय कार्यों के लिए राष्ट्रपति पदक प्रद्दत्त होने की घोषणा हुई थी। वर्ष 1989-90 में ताइक्वांडो में महारथ हासिल करके ब्लैक बेल्ट प्राप्त की थी। गत वर्ष ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा मनोज वर्मा को 'ताइक्वांडो हॉल ऑफ फेम इंडिया 2023' सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

## जनपद की चार पंचायतों की ओर से किया गया है टीबी मुक्त होने का दावा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नोएडा।** नोएडा टीबी मुक्त पंचायत के लिए जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने बुधवार को




जेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चचूरा का दौरा कर भौतिक सत्यापन किया। ग्राम पंचायत चचूरा की ओर से टीबी मुक्त पंचायत होने का दावा किया गया है। यहां गत वर्ष भी कोई टीबी मरीज नहीं था।जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर.पी. सिंह ने बताया- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में जिला स्तरीय वेरिफिकेशन टीम ने बुधवार को जेवर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चचूरा का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान टीम ने उन लोगों से बातकर सत्यापन किया जिन लोगों के बलगम के नमूने जांच के लिए गये थे। टीम ने आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया और वहां की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) निर्मला से बात की। टीम ने ग्राम प्रधान सुनीता सिंह से विस्तार से बातचीत की। सुनीता सिंह ने टीम को बताया-चचूरा की आबादी 2005 है। यहां इस वर्ष एक भी टीबी मरीज नहीं मिला। एक हजार की आबादी पर तीस लोगों की टीबी की जांच के लिए नमूने लिये गये थे। करीब साठ लोगों की जांच में कोई भी व्यक्ति पॉजिटिव नहीं मिला। पिछले वर्ष भी यहां कोई पॉजिटिव नहीं था।सत्यापन के लिए पहुंची टीम में जिला पंचायती राज विभाग की ओर से शकील अहमद, जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बुज पांडेय, पीपीएम कोऑर्डिनेटर पवन भाटी, एसटीएस हरिओम शामिल रहे। अम्बुज पांडेय ने बताया- टीबी मुक्त पंचायत के लिए टीम ने जिला पंचायती राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव से मुलाकात कर उनको अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। निरीक्षण में प्रधान के पति अर्जुन सिंह का विशेष सहयोग रहा।जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया- सत्यापन की रिपोर्ट को क्षय रोग विभाग की ओर से जिले को भेजा जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय वेलीडेशन टीम और सेंट्रल वेलीडेशन टीम इन ग्राम पंचायतों का डेटा परीक्षण करेंगी। परीक्षण कार्य के आधार पर जिलाधिकारी की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को संबंधित ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। डा. सिंह ने बताया जेवर ब्लाक की पंचायत दिलेरपुर का सत्यापन का कार्य 17 फरवरी को किया जाएगा।गौरतलब है कि जनपद की चार पंचायतों की ओर से टीबी मुक्त होने का दावा प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया- दादरी ब्लॉक की दो पंचायत उपरालसी व गुलावठी खुर्द, जेवर ब्लॉक की दो पंचायत चचूरा व दिलेरपुर की ओर से टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा हासिल करने के लिए दावा पेश किया गया है। उन्होंने बताया- दादरी की उपरालसी पंचायत में 1388 की आबादी में केवल एक टीबी मरीज मिला है,

## दिशिता महिला मंडल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वाबलम्बी बनाने हेतु प्रयासरत

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**अनपरा ( सोनभद्र)** दिशिता महिला मंडल सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति महिला मंडल सतत् प्रयतन्शील रहा है। इसी श्रृंखला में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वाबलम्बी बनाने के लिए उन्होने 11 सिलाई मशीन वितरित निपुण 11 ग्रामीण महिलाओ को सिलाई मशीन वितरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रषिक्षण प्राप्त बालिकाओं एंव महिलाओं ने कहा कि महिला मंडल के इस नेक कार्य से हम लोग अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने परिवार तथा बच्चों के प्रति




किया।इस अवसर पर उपस्थित दिशिता महिला मंडल अध्यक्षा इन्दू सिंह ने कहा कि अधिकांश महिलाए निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आकर सिलाई प्रषिक्षण प्राप्त करती है, किन्तु सिलाई मशीन के अभाव में उनका हुनर दब जाता है, सिलाई मशीन के माध्यम से महिलाऐं अपने हुनर के साथ साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन कर पारिवारिक जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकती है। साथ ही उन्होने प्रषिक्षण प्राप्त आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक भूमिका अदा कर सकेगें।इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की सचिव कविता श्रीमाली, सहसचिव तुलिका श्रीवास्तव, सहित वरिष्ठ सदस्याऐं सपना तिवारी, मोना श्रीवास्तव, मेनका अरोड़ा, विभा सिंह, ऋतु हर्षवर्धन, रितु दबे, रमा सिंह, सविता चौबे, रजनी रूंगटा सहित अन्य सदस्याऐं प्रमुख रुप से उपस्थित थी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्र में बीती रात अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार दो युवक पोल से जा टकराए जिसमें एक 21 वर्षी युवक की हुई मौत वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर कराया गया जिला अस्पताल में भर्ती इलाज जारी।जानकारी के प्राथमिक उपचार के दौरान रणजीत सिंह 21 वर्षीय को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं घायल राहुल 22 वर्षी की हालत गंभीर दवा इलाज चल रही है परिजनों ने बताया कि रंजीत दो भाइयों में छोटे भाई थे आठमापुर उनकी शादी हुई थी चेनन्ई में प्राइवेट कंपनी में



अनुसार डोरिया आमडी रायपुर थाना क्षेत्र गांव निवासी रणजीत सिंह 21 वर्षी पुत्र स्वर्गीय लल्लन सिंह वह उनके मित्र राहुल 22 वर्षी पुत्र राजकुमार अपने गांव से बुधवार को रिलेशन में करमा थाना क्षेत्र में गए हुए थे बाइक से वापस आते समय इमलीपुरा के समीप अनियंत्रित होकर एक पल से जा टकराया जिससे दोनों लोग घायल हो गए आसपास के लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भिजवाया जहां काम कर जियो को पार्जन करते हैं इनके बड़े भाई पुणे में कार्य करते हैं पिताजी का बचपन कल में ही मृत्यु हो गई थी घर की हालत देनी है किसी तरह जीव कोपार्जन कर गुजारा करते थे वही पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी। वहीं घटना की सूचना मिलने पर नगमा ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह मौके पहुंचकर पीडि़त परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में मृतक परिजनों को समुचित मुआवजा दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

## डीआईजी मीरजापुर द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव 2024 व्यवस्था बनाये रखने हेतु दिए गए निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**मीरजापुर ।** मीरजापुर पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, आर.पी. सिंह के निर्देशन में आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तस्करी, निष्कर्षण, भंडारण व बिक्री जैसे कुकृत्यों में संलिप्त कुल 07 अभियुक्तों/तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 721 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया, मादक पदार्थो की तस्करी के कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे




महज 24 घंटे में परिक्षेत्र के जनपदों में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही कराते हुए पुलिस टीम द्वारा संवेदनशील, संदिग्ध व चिन्हित स्थानों एवं जनपदों की सीमा से लगने वाले अंतर्राज्जीय बैरियरों पर दबिश देकर चेकिंग करायी गयी, जिसके फलस्वरूप महज 24 घंटे में अवैध शराब से 01 क्विन्टल 10 कि.ग्रा अबैध गांजा मय एक डीसीएम एवं गो-तस्करी के कुल 03 अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके कब्जे से 40 राशि गौवंशीय पशु बरामद किया गया । इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर असामाजिक गतिविधियों में लिप्त कुल 63 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

## मीरजापुर के जमालपुर में बनेगा राजकीय महिला महाविद्यालय, मिली वित्तीय स्वीकृति

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**मीरजापुर ।** मीरजापुर केंद्रीय मंत्री एवं जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल के प्रयास से जनपद मीरजापुर का विकास निरंतर अग्रसर है।



शिक्षा के क्षेत्र में भी जनपद नया रिकॉर्ड स्थापित कर रहा है। जनपद के चुनार तहसील क्षेत्र के जमालपुर ब्लॉक में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना हेतु राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। अवगत हो कि राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना हेतु 1142.63 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अनुप्रिया पटेल ने इस स्वीकृत के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उच्च शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव शिपू गिरी द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक को राजकीय महिला महाविद्यालय के निर्माण से संबंधित शासनादेश जारी कर दिया गया है। बता दे कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल इस महिला महाविद्यालय की स्थापना हेतु लगातार प्रयासरत थी। इस बाबत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिख कर और मुलाक़ात कर लगातार अनुरोध कर रही थी। इसी के मद्देनज़र अनुप्रिया पटेल ने पिछले महीने 20 जनवरी को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महिला महाविद्यालय की स्थापना की वित्तीय स्वीकृति हेतु पत्र लिख कर अनुरोध किया था। अवगत हो कि विगत कुछ दिनों पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के प्रस्तावित विंध्य विश्वविद्यालय के ज़मीन के स्थलीय निरीक्षण के समय भी जमालपुर में उपेक्त संदर्भित महिला महाविद्यालय की स्थापना की वित्तीय स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया था जारी शाशनादेश में उल्लेख किया गया है कि चुनार के जमालपुर में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना हेतु प्रयोजना की लागत 1142.63 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पर राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा इस महाविद्यालय की स्थापना हेतु शिलान्यास कराया जायेगा

# करीना कपूर ने पिता रणधीर को दी जन्मदिन की बधाई, लिखा ये खास मैसेज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रणधीर कपूर आज 15 फरवरी को अपना 77वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर



उनके चाहने वाले और परिवार के लोग उन्हें सोशल मीडिया पर बर्थडे विश कर रहे हैं। हाल ही में, करीना कपूर ने भी जेह और तैमूर के साथ खास तस्वीरें शेयर करते हुए पापा रणधीर को बधाई दी है।बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रणधीर कपूर आज अपना 77वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन पर उनकी बेटी और एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। करीना ने अपने पोस्ट में जेह और तैमूर के साथ नाना रणधीर की फोटो शेयर की है और साथ ही कैप्शन में खास मैसेज लिख प्यार लुटाया है।करीना कपूर खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर पिता रणधीर कपूर के लिए सबसे प्यारी जन्मदिन की शुभकामनाएं शेयर की हैं। करीना ने अपने पोस्ट में दो तस्वीरें शेयर की है। पहली फोटो में जेह अली खान और दूसरी फोटो में तैमूर अली खान अपने नाना को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं।इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'जीवन का आलिंगन, हैप्पी बर्थडे नाना और मेरे पापा को। मैं अपने पापा की तरह हूं'। करीना कपूर के इस पोस्ट पर सबा पटौदी, अमृता अरोड़ा, रिद्धिमा कपूर, जोया अख्तर समेत कई सितारों ने भी रणधीर कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है।रणधीर कपूर आज अपना 77वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास दिन के लिए उनके घर पर एक पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी में करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, नीतू, सैफ अली खान परिवार के कई लोग दिखाई दिए थे। अब सोशल मीडिया पर इस पार्टी का एक वीडियो वायरल हो रहा है।इस वीडियो में करीना कपूर और करिश्मा कपूर पार्टी के बाद बाहर आते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान करिश्मा कपूर ब्राउन शर्ट और डेनिम जींस पहने नजर आई। वहीं, करीना कपूर खान पिंक शर्ट और डेनिम जींस पहने नजर आई। इस वीडियो पर लोग कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं और एक्ट्रेस के लुक की तारीफ कर रहे हैं।


# एक नहीं 5 बड़े डिजाइनर मिलकर बनाएंगे कपल के वेडिंग आउटफिट, लिस्ट में नहीं मनीष मल्होत्रा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।।** ।बॉलीवुड में एक बार फिर से शादी की शहनाई बजने वाली है। प्यार भरे इस महीने में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी सात फेरे लेने वाले हैं। दोनों की शादी 21 फरवरी को होगी और उनकी प्री-वेडिंग फंक्शन 19 तारीख को शुरू हो जाएंगे।दो साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी फाइनली शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। दोनों 21 गोवा में सात-फेरे लेंगे। रकुल-जैकी की शादी की अब तक कई डिटेल्स सामने आ चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक नहीं पांच डिजाइनर मिलकर कपल के आउटफिट डिजाइन करेंगे।जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह साउथ गोवा के आईटीसी ग्रैंड होटल में बिग फैट वेडिंग करने वाले हैं। रकुल और जैकी दोनों अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड है। दोनों की शादी की तैयारियां जोरों शोरों पर हैं।उनकी शादी की तारीख और लोकेशन को लेकर तो पहले ही डिटेल्स सामने आ चुकी हैं। अब हाल ही में उनके वेडिंग आउटफिट को लेकर भी डिटेल्स सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी शादी के कपड़े एक नहीं, बल्कि पांच डिजाइनर मिलकर डिजाइन करेंगे।बीते दिनों रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी को हाल ही में डिजाइनर तरुण तहलानी के स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया था, जिसके बाद ये खबर आई थी कि उनकी शादी के खूबसूरत आउटफिट बनाने की जिम्मेदारी डिजाइनर ने अपने कंधों पर ली है। हालांकि, अब टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस कपल के वेडिंग आउटफिट एक नहीं, बल्कि पांच अलग-अलग डिजाइनर मिलकर बनाएंगे।डिजाइनर तरुण तहलानी के अलावा शांतनु एंड निखिल, फाल्गुनी शेन पिकॉक, कुणाल रावल और अर्पिता मेहता उनके वेडिंग आउटफिट पर काम कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में ऐसा दावा भी किया जा रहा है कि उनके वेडिंग आउटफिट इंटरनेशनल डिजाइनर भी डिजाइन कर सकते हैंठ।



# अभिषेक कुमार ने ली मनारा चोपड़ा की जगह, म्यूजिक तस्वीर में आयशा के साथ बनी जोड़ी, रोमांस ने लगाई आग

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** मनारा चोपड़ा और अभिषेक कुमार बिग बॉस 17 के सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में शामिल हैं। मुनव्वर फारुकी के



साथ दोनों ने टॉप 3 में जगह भी बनाई थी। शो से बाहर आने के बाद दोनों को साथ में कई प्रोजेक्ट्स भी ऑफर हो रहे हैं। हालांकि, एक म्यूजिक वीडियो में मनारा की जगह बिग बॉस 17 की दूसरी कंटेस्टेंट आयशा खान ने ले ली है।अभिषेक कुमार के साथ वाले एक म्यूजिक वीडियो में मनारा चोपड़ा की जगह बिग बॉस 17 की दूसरी कंटेस्टेंट आयशा खान ने ले ली है। अभिषेक कुमार के साथ आयशा खान की केमिस्ट्री आग लगाने वाली है। दोनों का वीडियो जैसे ही सामने आया सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अभिषेक और आयशा ने तो फैंस के तोते उड़ा दिए है।मनारा चोपड़ा की जगह अभिषेक कुमार के साथ आयशा खान की केमिस्ट्री आग लगाने वाली है, क्योंकि दोनों का वीडियो जैसे ही सामने आया सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।दरअसल, अभिषेक कुमार और मनारा चोपड़ा का हाल ही में एक म्यूजिक वीडियो सांवरे रिलीज हुआ था। फैंस को ये बेहद पसंद भी आया। वहीं, अब सांवरे को अभिषेक कुमार और आयशा खान ने मिलकर रिक्रिएट किया है। गाने में दोनों की केमिस्ट्री कामल की है। फैंस को भी इनकी जोड़ी बेहद पसंद आ रही है।मनारा चोपड़ा से ज्यादा आयशा खान के साथ अभिषेक कुमार की जोड़ी पसंद की जा रही है। दोनों को साथ देखकर फैंस हैरान रह गए। कुछ फैंस ने तो दोनों को साथ में काम करने की सलाह दे दी, क्योंकि ऑन स्क्रीन इनकी जोड़ी बेहद खूबसूरत लगी।

# सलमान खान की फीस ने उड़ाई करण जौहर की रातों की नींद? इस कारण नहीं कर रहे ऑफिशियल अनाउंसमेंट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कुछ-कुछ होता है की रिलीज के 25 साल बाद बड़े पर्दे पर जब से सलमान खान और करण जौहर के लौटने की खबर सामने आई है, तब से ही फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गयी है। इस फिल्म को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट सामने आ रही है।सलमान खान और करण जौहर ने 25 साल बाद एक बार फिर से हाथ मिलाया है। दोनों आगामी फिल्म द बुल को लेकर फिल्म 'द बुल' के लिए हैं।लेकिन अब हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'द बुल' की वजह से करण जौहर की रातों की नींद उड़ी हुई है, क्योंकि उनकी फिल्म का बजट काफी बिगड़ चुका है।बॉलीवुड हंगामा में छपी रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण जौहर को अपनी आगामी फिल्म 'द बुल' को बनाने में काफी देर हो रही है। इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि इसकी वजह सलमान खान(ऐर्त्स्ेह र्खेह) की फीस है।



लगातार चर्चा में बने हुए हैं। विष्णु वर्धन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने में करण जौहर को देरी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बिग बजट और सलमान खान की हाई फीस डिमांड है।सलमान खान और करण जौहर ने 25 साल बाद एक बार फिर से हाथ मिलाया है। दोनों आगामी फिल्म द बुल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। विष्णु वर्धन के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने में करण जौहर को देरी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बिग बजट और सलमान खान की हाई फीस डिमांड है।कुछ दिनों पहले ही सलमान खान की बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी, जिससे यहां अंदाजा लगाया जा रहा था कि टाइगर एक्टर की ये तैयारी उनकी रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान और करण जौहर के बीच फिल्म की बजट को लेकर बातचीत चल रही है, जिसकी वजह से फिल्म की शूटिंग शुरू करने में देरी हो रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान को फिल्म की स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है, लेकिन इस फिल्म को फ्लोर पर ले जाने के लिए काफी खर्चा होने वाला है। सलमान की फीस और फिल्म के बजट को फाइनल करने के लिए करण ने दबंग खान से थोड़ा समय मांगा है।जैसे ही दोनों के बीच 'द बुल' को लेकर डील फाइनली पेपर्स पर आती है, उसके बाद ही करण जौहर फिल्म की आधिकारिक तौर पर अनाउंसमेंट कर देंगे। आपको बता दें कि सलमान खान स्टारर 'द बुल' के निर्देशन की कमान विष्णु वर्धन संभाल रहे हैं, जो इससे पहले 'शेरशाह' भी डायरेक्ट कर चुके हैं।

# शादी के बाद हनीमून पर नहीं जाएंगे रकुल प्रीत और जैकी? रोमांस में रोड़ा बनी ये चीज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड एक्टर्स रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कपल की शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी है और आए दिन उनकी वेडिंग को लेकर नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी जल्द शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस कपल के शादी की खबरें इस समय लाइमलाइट में बनी हुई है। अब वजह भी सामने आई है।दरअसल, ई टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस अपनी शादी से तीन दिन पहले तक काम करने वाली हैं और शादी के लगभग एक हफ्ते बाद वह एक नई बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। हालांकि, उस फिल्म में अभी उनका नाम फाइनल नहीं हुआ है।दरअसल, ई टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस अपनी शादी से तीन दिन



ऐसी खबर आ रही है कि ये कपल शादी के बाद अपने हनीमून पर नहीं जाएंगे। साथ ही इसकी वजह का भी खुलासा हो गया है।दोनों 21 फरवरी को गोवा के एक होटल में शादी करने वाले हैं से लेकर इनकी शादी की थीम क्या होगी तक सब कुछ चर्चा में बना हुआ है। अब इस कपल की वेडिंग को लेकर एक और नया अपडेट आया है। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों शादी के बाद हनीमून पर नहीं जाएंगे। साथ ही इसकी पहले तक काम करने वाली हैं और शादी के लगभग एक हफ्ते बाद वह एक नई बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। हालांकि, उस फिल्म में अभी उनका नाम फाइनल नहीं हुआ है।दरअसल, ई टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस अपनी शादी से तीन दिन पहले तक काम करने वाली हैं और शादी के लगभग एक हफ्ते बाद वह एक नई बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं।

# 54 करोड़ के गहने... अरबों के मालिक हैं अमिताभ-जया, राज्यसभा नामांकन में बच्चन परिवार के जायदाद का खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन करोड़ों के जायदाद के मालिक है, ये सभी जानते हैं, लेकिन उनकी संपत्ति असल में है कितनी, इसका सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। हालांकि, अब अमिताभ



बच्चन और जया बच्चन की प्रॉपर्टी से पर्दा उठ गया है। जया बच्चन पांचवीं बार राज्यसभा सांसद बनने की तैयारी कर रही हैं। ऐसे में उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है।राज्यसभा में जया बच्चन अपने बेबाक बयानों के लिए अक्सर चर्चा बटोरती हैं। वहीं अब वो पांचवीं बार राज्यसभा पहुंचने की तैयारी कर रही है। इसके बीच जया बच्चन अपने नामांकन पत्र के कारण खबरों में छाई हुई हैं। अदाकारा के हलफनामे से पता चला है कि एक्ट्रेस और अमिताभ बच्चन की संयुक्त संपत्ति करोड़ो- अरबों में है।जया बच्चन पॉलिटिकल पार्टी समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं। अब तक वो चार बार अपनी दावेदारी राज्यसभा में ठोक चुकी हैं। वहीं, एझ् ने पांचवीं बार उन्हें राज्यसभा भेजने के लिए अपना उम्मीदवार चुना है।जया बच्चन और एझ् का रिश्ता पुराना है। पार्टी उन्हें 2004 से ही राज्यसभा भेजती आई है। अब एक बार फिर उन्होंने अपनी कमर कस ली है। चुनाव से पहले राज्यसभा में पांचवें कार्यकाल के लिए जया बच्चन ने हाल ही में नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस हलफनामे में उन्होंने अपने और पति अमिताभ बच्चन की संपत्ति की जानकारी दी है।राज्यसभा में जया बच्चन अपने बेबाक बयानों के लिए अक्सर चर्चा बटोरती हैं। वहीं, अब अपने नामांकन पत्र के कारण खबरों में छाई हुई हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, जया बच्चन के हलफनामे से पता चला है कि एक्ट्रेस और अमिताभ बच्चन की संयुक्त संपत्ति ?1578 करोड़ है।साल 2022 और 2023 में जया बच्चन की नेटवर्थ 1 करोड़ 63 लाख 56 हजार 1 सौ 90 रुपये थी। वहीं, अमिताभ बच्चन की नेटवर्थ 2 अरब, 73 करोड़, 74 लाख 96 हजार 5 सौ 90 रुपये रही थी। बैंक बैलेंस की बात करें , तो रिपोर्ट के अनुसार, जया बच्चन के खाते में 10 करोड़ 11 लाख 33 हजार 172 रुपये रुपये और अमिताभ बच्चन के खाते में 1 अरब 20 करोड़ 45 लाख 62 हजार 83 रुपये जमा है। वहीं, 849.11 करोड़ की चल और 729.77 करोड़ की अचल संपत्ति है।बच्चन कपल की बाकी प्रॉपर्टी की ओर बढ़े तो, जया बच्चन के पास 40.97 करोड़ के जेवर और 9.82 लाख रुपये के कीमत वाली एक कार है। वहीं, अमिताभ बच्चन के पास 54.77 करोड़ के जेवर और 16 गाडि़यां है, इनमें 2 मर्सिडीज और एक रेंज रोवर शामिल है, जिनकी कीमत 17.66 करोड़ है।

# शाह रुख खान की 'डंकी' ओटीटी पर हुई रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।।** शाह रुख खान के फैंस पिछले काफी वक्त से उनकी फिल्म डंकी के ओटीटी रिलीज की राह देख रहे थे। वैलेंटाइन डे पर शाह रुख खान और डंकी सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी हुए, इसके थोड़ी देर बाद फिल्म को स्ट्रीम कर दिया गया। इसके अलावा ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर' ने काफी संघर्ष के बाद डंकी के थिएटर्स रिलीज के बाद इस बात को लेकर सस्पेंस बना हुआ था कि आखिरकार फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। बीच कुछ प्लेटफॉर्म को लेकर खबर भी आई कि उन्होंने फिल्म के ओटीटी राइट्स खरीद लिए है, लेकिन अब पूरा मामला साफ हो गया है।ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर ने हार नहीं मानी। फिल्म ने



आखिरकार 200 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है। यहां पढ़ें मनोरंजन जगत से जुड़ी शाह रुख खान की डंकी (अ्ल्हव) आखिरकार ओटीटी पर आ ही गई। ऍंख् के फैंस पिछले काफी वक्त से उनकी इस फिल्म की राह देख रहे थे। वैलेंटाइन डे पर शाह रुख खान और डंकी सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी हुए इसके थोड़ी देर बार फिल्म को स्ट्रीम कर दिया गया।शाह रुख खान की डंकी आखिरकार ओटीटी पर आ ही गई। ऍंख् के फैंस पिछले काफी वक्त से उनकी इस फिल्म की राह देख रहे थे। वैलेंटाइन डे पर शाह रुख खान और डंकी सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी हुए, इसके थोड़ी देर बाद फिल्म को स्ट्रीम कर दिया गया। आखिरकार बॉक्स ऑफिस पर ऊंची उड़ान भरकर ही दम लिया। फाइटर ने जैसे ही अपने गिरते कलेक्शन पर लगाम लगाई, फिल्म 200 करोड़ क्लब में एंट्री कर गई। हालांकि, फाइटर को ये माइल स्टोन एचीव करने में काफी वक्त लग गया। 21 दिनों के लंबे सफर के बाद फिल्म ये मुकाम हासिल कर पाई है। 'केजीएफ चैप्टर 1' और 'केजीएफ चैप्टर 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में कर चुके साउथ सुपरस्टार यश आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनकी फैन फॉलोइंग दुनिया भर में है। यश जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाले हैं।

# थिएटर रिलीज से पहले ही 'योद्धा' ने रचा इतिहास, सिद्धार्थ की फिल्म का इस दिन आएगा टीजर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शेरशाह एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब जल्द ही 'योद्धा' पाटनी और राशि खनन स्टारर इस फिल्म ने पोस्टर लॉन्च के साथ ही एक बड़ा इतिहास रच दिया है।




बनकर अपने फैंस के बीच लौटने वाले हैं। उनकी आगामी फिल्म मार्च में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी 'योद्धा' में पहली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट राशि खनन और दिशा पाटनी स्क्रीन स्पेस शेयर करते हुए दिखाई देंगी।सद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्मों का फैंस को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। शेरशाह के बाद अब जल्द ही वह योद्धा बनकर लड़ते हुए नजर आएंगे। सिद्धार्थ मल्होत्रा-दिशा इस पोस्टर के साथ ही मेकर्स ने योद्धा की टीजर रिलीज डेट का भी खुलासा किया।हाल ही में 'योद्धा' का मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज किया है, लेकिन इसके लिए कोई इवेंट नहीं रखा गया, बल्कि इस सिद्धार्थ के नए पोस्टर को हवा में रिलीज किया गया, जिसकी एक झलक निर्माता ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है।हाल ही में 'योद्धा' का मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज किया है, लेकिन इसके लिए कोई इवेंट नहीं रखा गया।

# चंदन आनंद ने 'फाइटर' को लेकर दिया बड़ा बयान


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ आनंद की एरियल एक्शन फिल्म 'फाइटर' को रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने पहली बार साथ में काम किया है। वहीं, इनके अलावा फिल्म में अनिल कपूर, संजीदा शेख, करण सिंह ग्रोवर, चंदन आनंद समेत कई स्टार्स ने मुख्य भूमिका निभाई है।ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म फाइटर तीन हफ्तों के बाद गिरते-पड़ते 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। कुछ लोगों को सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म पसंद आई तो कुछ ने




इसकी आलोचना भी की थी। अब इस फिल्म में कैमियो भूमिका निभा चुके अभिनेता चंदन आनंद ने फिल्म को लेकर बात की है।चंदन आनंद ने फिल्म 'फाइटर' में विंग कमांडर हरीश नौटियाल की कैमियो भूमिका निभाई है। अब हाल ही में उन्होंने इस फिल्म के बारे में बात की है और बताया है कि वो निर्देशक के फैन क्यों है। साथ ही फिल्म की आलोचना करने वालों को भी जवाब दिया है।न्यूज 18 शोशा को दिए इंटरव्यू में चंदन आनंद ने खुलासा किया कि वह निर्देशक के 'फैन' क्यों हैं और फाइटर उनके लिए 'आशीर्वाद' क्यों हैं। चंदन ने कहा, 'वह युवा, आकर्षक और अपनी कला के प्रति भावुक हैं।

# शीना बोरा मर्डर केस के खुलेंगे कई राज, 'द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी' का ट्रेलर जारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**शीना बोरा हत्याकांड तो हर किसी को याद होगा। अब इस हत्याकांड के सभी राज से एक-एक करके पर्दा उठने वाला है। दरअसल, 'द इंद्राणी मुखर्जीः बरीड ट्रुथ' डॉक्यूमेंट्री सीरीज का ट्रेलर आज जारी हो गया है।साल 2012 में हुआ शीना बोरा हत्याकांड काफी चर्चा में रहा। इस हत्याकांड में एक मीडिया हाउस की कर्ता-धर्ता इंद्राणी मुखर्जी पर अपनी ही बेटी की हत्या का आरोप लगा था। अब इस पर एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज बनी है जिसका ट्रेलर आज जारी कर दिया गया है। साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है।इस ट्रेलर ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। 'द इंद्राणी मुखर्जीः बरीड ट्रुथ' डॉक्यूमेंट्री सीरीज में शीना बोरा की मौत से लेकर इंद्राणी की गिरफ्तारी तक हर चीज को बेहद बारीकी से दिखाया गया है।द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीः बरीड ट्रुथ' शीना बोरा मर्डर मामले को दिखाती है, जो लंबे समय तक चर्चा में बना रहा। शीना बोरा हत्याकांड साल 2012 का है। इस केस में इंद्राणी मुखर्जी और उनके पति पीटर मुखर्जी का नाम सामने आया था। यह डॉक्यूमेंट्री कहानी के दोनों पक्षों के कई राज खोलेगी। इंद्राणी की गिरफ्तारी, जेल में उनके साथ किए गए सुलूक समेत कई पर्ते खुलने वाली हैं। अब इसके ट्रेलर को सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पांस




मिल रहा है।अभी इंद्राणी जमानत पर बाहर हैं। 'द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीः बरीड ट्रुथ' में खुद मुखर्जी के साथ-साथ उनके परिवार, वकीलों और मामले को उजागर करने वाले अनुभवी पत्रकारों के इंटरव्यू भी शामिल होने वाले हैं।दर्शक भी अब इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।शीना बोरा मामले में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा हो गई है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसका ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बंद दरवाजों के पीछे यह परिवार रहस्यों के अलावा और भी बहुत कुछ छुपाता है। द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीः बरीड ट्रुथ में उस हत्याकांड के बारे में गहराई से जानें, जिसने एक बार पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, जो 23 फरवरी को केवल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।